Swadesh Chetna

Daiwik hotels ki Gujrat ke dwarka me Teesra hotel suru karne ki ghos

Date: 03/02/2013 | Edition: Lucknow | Page: 11 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 10 H: 12

India Media Monitor

Clip: 1 of 1

दैविक होटल्स की गुजरात के द्वारका में तीसरा होटल शुरू करने की घोषणा

लखनऊ ।

तीर्थयात्रियों के लिए चार सितारा होटलों की भारत की पहली खास श्रृंखला दैविक होटल्स ने रामेश्वरम और तिरुपति के बाद प्रतिवर्ष 50 लाख तीर्थयात्री वाली महत्वपूर्ण जगह गुजरात के द्वारका में अपना तीसरा होटल शुरू करने की घोषणा की है। यह 45 करोड़ रुपए का एक ग्रीन फील्ड निवेश होगा और 2015 में काम शुरू करने के लिए निर्धारित है। दैविक होटल्स की योजना अपने हॉस्पीटैलिटी ब्रांड का विस्तार अन्य जगहों के साथ सोमनाथ और अंबाजी तक करने की है। दैविक होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ देबाशीष घोषाल ने कहा, हमारे देश में सामाजिक उद्देश्यों से यात्रा करने वालों के बाद तीर्थयात्रियों का समूह सबसे बड़ा होता है। इसके उलट, ऐसे यात्रियों के लिए अच्छे ब्रांडेड होटल की भारी कमी है।

दैविक होटल्स द्वारका में 120-140 कमरे होंगे और इनमें सुपीरियर, डीलक्स और सुइट के विकल्प होंगे। कंपनी ने जाने-माने पबुभा मानेक परिवार के साथ संयुक्त उपक्रम करार किया है। इसे ओखा मंडल के भामाशा परिवार के नाम से जाना जाता है। पूर्ण सेवा वाली चार सितारा प्रोपर्टी में बहु व्यंजन रेस्त्रां, पूरी तरह फर्निश्ड बैंक्वेट और कीर्तन, भजन आदि के लिए एक ऐक्टिविटी रूम होगा। यहां एक विशेष स्पा और संबद्ध सुविधाएं भी होंगी। इनमें पुस्तकें, संगीत, कलात्मक वस्तुएं, पंरपरागत जेवर और स्मृति चिन्ह शामिल हैं। अपने विचार साझा करते हुए पबुभा मानेक ने कहा, इस संयुक्त उपक्रम ने हमें तीर्थयात्रा पर्यटन के संभावित बाजार के संबंध में पता लगाने तथा इस क्षेत्र में हमारी सुविज्ञता के उपयोग का खास मौका मुहैया कराया है।